[This question paper contains 8 printed pages.]

**785** *आपका अनुक्रमांक* .............

**B.A. (Programme) / I** **D**

HINDI LANGUAGE (B) – Paper I

हिंदी भाषा (ख) – प्रश्नपत्र I

(प्रवेशवर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 75*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*टिप्पणी :- प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।*

1. किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (8,8=16)

(क) यह मूर्तियाँ किस प्रकार से स्मृति चिह्न है ? इस दरिद्र देश के पास पहले से धन की एक ढेरी है, जो किसी काम नहीं आ सकती। एक बार जाकर देखने से ही विदित होता है कि वह कुछ विशेष पक्षियों के कुछ देर विश्राम लेने के अड्डे से बढ़कर कुछ नहीं है।

माई लार्ड! आपकी मूर्ति की वहाँ क्या शोभा होगी ? आइए, मूर्तियाँ दिखावें वह देखिए, एक मूर्ति है, जो किले के मैदान में नहीं है, पर भारतवासियों के हृदय में बनी हुई है। पहचानिए, इस वीर पुरूष ने मैदान की मूर्ति से इस देश के करोड़ों गरीबों के हृदय में मूर्ति बनवाना अच्छा समझा। वह लार्ड रिपन की मूर्ति है। और देखिए, एक स्मृति-मन्दिर यह आपके पचास लाख के संगमरमर वाले से अधिक मजबूत और सैंकड़ों गुना कीमती है। यह स्वर्गीया विक्टोरिया महारानी का सन् 1858 ई० का घोषणा-पत्र है। आपकी यादगार भी यही बन सकती है, यदि इन दो यादगारों की आपके जी में कुछ इज्जत हो।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से अवतरित है ?

(ii) लार्ड रिपन की मूर्ति के विषय में लेखन ने क्या कहा है ?

(iii) 'यह मूर्तियाँ किस प्रकार से स्मृति-चिह्न हैं ?' से लेखक का क्या आशय है ?

(iv) माई लार्ड का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) राष्ट्र के लिए सिपाही युद्ध करता है, पर कवि ? वह केवल कविता लिखता है। और एक बूढ़ा, युद्ध से दूर पड़ा अपाहिज ? वह केवल शुभकामना करता है। राष्ट्र के जीवन-यन्त्र के ये सब पुरजे समान महत्व के हैं। पिछली लड़ाई के दिनों आधे संसार में जो 'वी' का आन्दोलन चला था, वह क्या है ? कोई अपने कोट पर 'वी' लगाए या 'सतिया', रणभूमि में लड़ते सिपाहियों को उससे मतलब ? हाँ,

मतलब है और बड़ा भारी मतलब है और इस मतलब में ही तो छिपा है : शुभकामना का महत्व !

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से अवतरित है ?

(ii) 'वी आन्दोलन' क्या है ?

(iii) जीवन में शुभकामना का महत्व स्पष्ट कीजिए।

(iv) सिपाही का राष्ट्र के प्रति क्या कर्तव्य है ?

(ग) कुटज क्या केवल जी रहा है। वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता, कोई निकट आ गया तो भय के मारे अधमरा नहीं हो जाता, नीति और धर्म का उपदेश नहीं देता फिरता, अपनी उन्नति के लिए अफसरों का जूता नहीं चाटता फिरता, दूसरों को अवमानित करने के लिए ग्रहों की खुशामद नहीं करता। आत्मोन्नति हेतु नीलम नहीं धारण करता, अंगूठियों की लड़ी नहीं पहनता, दाँत नहीं निपोरता, बगलें नहीं झाँकता। जीता है शान से जीता है – काहे वास्ते, किस उद्देश्य से ? कोई नहीं जानता। मगर कुछ बड़ी बात है। स्वार्थ के दायरे से बाहर की बात है।

(i) 'कुटज क्या केवल जी रहा है' – आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) कुटज व्यक्ति को क्या शिक्षा देता है ?

(iii) पाठ और पाठ के रचनाकार का नाम लिखिए।

(iv) 'बगले झाँकना' का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2×4=8)

(i) जन शिक्षा में पत्रों के योगदान का उल्लेख कीजिए।
(जन शिक्षा)

(ii) शिवशम्भु के बुलबुलों के स्वप्न के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? शिवशम्भु के चिट्ठे और खत बनाम लार्ड कर्जन)।

(iii) लेखक ने स्वयं को नर्मदा पुत्र क्यों कहा है ?
(फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(iv) ईश्वर और पुनर्जन्म के विषय में लेखक के क्या विचार हैं ?
(नैतिकता का स्रोत)

(v) शुभकामना के विषय में गाय में गाँधीजी के क्या मत थे ?
(शुभकामना : एक जीवन-तत्व)

(vi) अगस्त्य मुनि को कुटज क्यों कहा जाता है ? (कुटज)

(vii) भूलों को छिपाना किन दो अर्थों में हानिकारक है ?
(अनुताप की महिमा)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (10)

(i) सत्यधन ने गरिमा से विवाह क्यों किया ?

(ii) विवाह के बाद बिहारी और कट्टो कैसा जीवन जीने का निर्णय लेते हैं ?

(iii) कट्टो कौन थी यह नाम उसे किसने दिया ?

(iv) 'सत्य को अब जमीन पर हिसाब-किताब के साथ चलने की अक्ल सूझी है।' लेखक ने यह बात सत्यधन के लिए क्यों कही ?

(v) जीवन के प्रति सत्यधन ने क्या आदर्श निश्चित किया ?

(vi) बिहारी के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(vii) दिल्ली पहुँचकर बिहारी ने सबसे पहला काम क्या किया ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'वह अफसर भी थे और सिपाही भी' लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट करें। (किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्रीराम वाजपेयी)

(ii) राष्ट्रीय रंगमंच के विषय में शिशिर भादुड़ी के विचार स्पष्ट कीजिए। (मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(iii) पीयर्स ने नेतरहाट के हॉस्टलों को आश्रमों का रूप कैसे दिया ? (आस्थावान अंग्रेज़ शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

(iv) म्योर होस्टल को 'सिसी होस्टल' क्यों कहा जाता था ?
(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(v) 'लाड के व्यक्तित्व में विरोधी प्रवृत्तियों का समावेश था।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?
(अफसर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड)

(vi) बाँसुरी वादन के क्षेत्र में श्री पन्नालाल घोष का क्या योगदान है ? (विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(vii) अनंत सदाशिव अल्टेकर ने कोई भी पुस्तक विदेश में क्यों नहीं छपवाई ? (व्यवहार कुशल और संवेदनशील पंडित अनंत सदाशिव अल्टेकर)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए :

(i) नर हो न निराश करो मन को

(ii) निदंक नियरे राखिए

(iii) का बरखा जब कृषि सुखानी (4)

(ख) एक अच्छे संक्षेपण की क्या विशेषताएं हैं ? स्पष्ट कीजिए। (4)

5. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए :

(i) अन्ना का आन्दोलन और भ्रष्टाचार

(ii) आज के जमाने में रेडियो

(iii) समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध (5)

6. (क) निम्न शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : (4)

स्कूल, भगवान, समाज, नाटक, अधिकार, नमन, प्रार्थना, भारत

(ख) किन्हीं **चार** के विलोम शब्द लिखिए :

उत्कर्ष, उन्नति, कृतज्ञ, सम्राट, आकाश, कीर्ति, यश (4)

(ग) किन्हीं **तीन** के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

नयन, इन्दु, धरा, सूर्य, नदी, तालाब, कमल, राजा (3)

7. कार्यालयी हिन्दी **अथवा** हिन्दी समाचार पत्रों की भाषा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। (4)

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए :

(i) चोर सिपाही को देखकर भाग गया। (संयुक्त वाक्य)

(ii) मैंने लाल टोपी पहने व्यक्ति को देखा। (मिश्र वाक्य)

(iii) सूर्यादय हुआ और पक्षी बोलने लगे। (सरल वाक्य)

(iv) वह पुस्तक आपकी है। (प्रश्न वाचक)

(v) मुझे कार चलानी आती है। (निषेधात्मक) (3)

(ख) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :

यर्थाथ, प्रतीज्ञा, समाजइक, अतिअधिक (4)

(ग) कोष्टक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **तीन** का वाच्य परिवर्तन कीजिए :

(i) बच्चा पढ़ता है। (कर्मवाच्य)

(ii) पक्षी उड़ते हैं। (भाववाच्य)

(iii) मुझसे दौड़ा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य)

(iv) बच्चा पढ़ता है। (कर्मवाच्य) (3)

(घ) निम्नलिखित संक्षिप्तियों में से किन्हीं **तीन** के पूर्ण रूप लिखिए :

कृ.पृ.उ., दि.प.नि., ई.पू., दि.न.नि., दि.वि.प्रा. (3)